कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

कार्यालय–आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/मा/संस्था/सी–6/रावि/स्थानांतरण/2019 दिनांक–29.09.2019 के तहत् श्री नरेश कुमार शर्मा व्याख्याता, राजनीति विज्ञान राउमावि महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय, रेल्वे स्टेशन, दौसा का स्थानांतरण रा.उ.मा.वि. रोनी जाटान, कठूमर, अलवर किया गया। श्री नरेश कुमार शर्मा ने इस स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर में अपील संख्या 3560/2019 श्री नरेश कुमार शर्मा बनाम राज्य सरकार व अन्य दायर की गई।

अपील संख्या 3560/2019 में माननीय अधिकरण द्वारा पारित निर्णय दिनांक 27.11.2019 द्वारा अपीलार्थी श्री नरेश कुमार शर्मा से नियमानुसार रिक्त पदों के विकल्प पत्र लेकर उसके पदस्थापन के संबंध में नियमानुसार नवीन आदेश पारित करने और तब तक अपीलार्थी को वर्तमान पद से कार्यमुक्त एवं कार्यग्रहण करने पर बल नही देने एवं नवीन आदेश पारित करने पर उक्त आदेश उसमें बाधक नहीं होने के अंतरिम आदेश पारित किये।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में अपीलार्थी श्री नरेश कुमार शर्मा द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत कर स्वयं के न्यूरो सर्जरी होने के आधार पर अपना समायोजन राउमावि लवाण, दौसा/राउमावि काबलेश्वर, दौसा/राउमावि खवारावजी, दौसा अथवा दौसा मुख्यालय स्थित किसी भी रिक्त पद की परिवेदना प्रस्तुत की गई।

उपर्युक्त परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए एवं माननीय अधिकरण के निर्णय की अनुपालना में श्री नरेश कुमार शर्मा व्याख्याता राजनीति विज्ञान राउमावि महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय, रेल्वे स्टेशन, दौसा का समायोजन शहीद घनश्याम गुर्जर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खवारावजी, दौसा (08110605508) में व्याख्याता राजनीति विज्ञान के रिक्त पद पर किया जा कर अभ्यावेदन निस्तारित किया जाता है। सभी संबंधित पक्षकार सूचित होवें।

(हिमांशु गुप्ता)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/संस्था/सी–6/अभ्यावेदन/स्थानांतरण/को.के/19–2 दिनांकः– 24 /12/2019

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा.........................।
3. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा ।
4. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) ....।
5. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
6. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
7. संबंधित प्राधानाचार्य/कार्मिक राउमावि. ....।
8. गार्ड पंजिका।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर